In the Train CD1a Track 1

02200 ट्रेन में In the Train

केटी: हेलो, मेरा नाम केटी है।	**Katy:** Hello, my name is Katy.
दीपा: मेरा नाम दीपा है।	**Dipa:** My name is Dipa.
आप किस कन्ट्री से हैं?	What country are you from?
केटी: मैं अमेरिका से हूँ।	**Katy:** I'm from America.
दीपा: किस स्टेट से?	**Dipa:** From what state?
केटी: मैं ओरिगन से हूँ। और आप?	**Katy:** I'm from Oregon. And you?
दीपा: मैं दिल्ली से हूँ।	**Dipa:** I'm from Delhi.
रवि और गीता आते हैं।	Ravi and Gita come.
दीपा: यह मेरा बेटा है।	**Dipa:** This is my son.
इस का नाम रवि है।	His (lit *this one's)* name is Ravi.
रवि, हेलो बोलो।	Ravi, say 'hello'.
गीता: मेरा नाम गीता है।	**Gita:** My name is Gita.
केटी: हेलो गीता। तुम कितने साल की हो?	**Katy:** Hello Gita. How old are you?
गीता: मैं चार साल की हूँ।	**Gita:** I'm four years old.

केटी: और रवि, तुम कितने साल के हो?	**Katy:** And Ravi, how old are you?
रवि: मैं दस साल का हूँ।	**Ravi:** I'm ten years old.
केटी: मेरा भी एक बेटा है।	**Katy:** I too have a son.
रवि: कितने साल का है वह?	**Ravi:** How old is he?
केटी: वह सात साल का है।	**Katy:** He's seven years old.
रवि: वह किस क्लास में है?	**Ravi:** What class is he in?
केटी: वह सेकन्ड ग्रेड में है।	**Katy:** He's in second grade.
रवि: ग्रेड?	**Ravi:** Grade?
केटी: ग्रेड का मतलब क्लास।	**Katy:** 'Grade' means 'class'. (*lit* Grade's meaning is class).
वह सेकन्ड क्लास में है।	He's in second class.
रवि: उसका नाम क्या है?	**Ravi:** What's his (*lit* that one's) name?
केटी: उसका नाम जेकब है।	**Katy:** His name is Jacob.
रवि: वह कहाँ है?	**Ravi:** Where is he?
केटी: वह अपने पिताजी के साथ है।	**Katy:** He's with his father.
गीता: जेकब की बहिन भी है?	**Gita:** Does Jacob have a sister, too?
केटी: जेकब की बहिन नहीं है।	**Katy:** Jacob doesn't have a sister.
जेकब का भाई है।	Jacob has a brother.

गीता: छोटा भाई है?	**Gita:** Is it a little brother?
केटी: नहीं, बड़ा भाई है।	**Katy:** No, it's a big brother.
रवि: वह कितने साल का है?	**Ravi:** How old is he?
केटी: वह पँद्रह साल का है।	**Katy:** He's fifteen years old.
दीपा: क्या आप के पास फ़ोटो हैं?	**Dipa:** Do you have photos?
केटी: हाँ, हैं।	**Katy:** Yes, I do.
दीपा: दिखाइये तो।	**Dipa:** Please show (us).
केटी: देखिये। यह बड़ा लड़का है और यह छोटा वाला।	**Katy:** Look. This is the older boy and this is the little one.
गीता: दोनों सुँदर हैं	**Gita:** They're both handsome.
केटी: धन्यवाद।	**Katy:** Thank you. ('a blessing')
दीपा: आप कहाँ जा रहे हैं?	**Dipa:** Where are you going?
केटी: मैं आग्रा जा रही हूँ।	**Katy:** I'm going to Agra.
दीपा: हम भी आग्रा जा रहे हैं।	**Dipa:** We too are going to Agra.
रवि: हम वहाँ ताज महल देखेंगे।	**Ravi:** We'll see the Taj Mahal there.
केटी: मैं भी ताज महल देखूँगी।	**Katy:** I also will see the Taj Mahal.
दीपा: आप हमारे साथ जाएँगे?	**Dipa:** Would you go with us?
केटी: हाँ, ज़रूर।	**Katy:** Yes, certainly.